धनबाद, मंगलवार
21 जनवरी 2020
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



कॉरपोरेट टैक्स की दर 15 फीसद पर लाए सरकार 9
जेपी नड्डा के हाथ भाजपा की कमान 11



# सिद्धार्थ व अदिति बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**जागरण संवाददाता, आसनसोल:** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में सोमवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉमनवैल्थ गेम्स में 5 रजत पदक प्राप्त पावर लिफ्टिंग के पूर्व कप्तान कौस्तभ घोष ने किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य आरडी शर्मा ने मुख्य अतिथि कौस्तभ घोष व स्कूल के प्रबंधन निदेशक प्रतीक गोयनका को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री घोष ने कहाकि खेलों से जीवन में अनुशासन के साथ मानसिक व शारीरिक विकास होता है। खेलों के कारण ही भारत ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी एक छात्र के जीवन में विशेष महत्व होता है। खेलकूद जीवन से तनाव को दूर करता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षा जगत से संबंध रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वे बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करें। परेड प्रतियोगिता में गंगा और झेलम सदन प्रथम , यमुना द्वितीय तथा रावी सदन तृतीय स्थान पर रहा। दौड़ प्रतियोगिताओं में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के लिए बैग पैकिंग दौड़ , बकेट एंड बॉल दौड़ व मास्क दौड़ कराई गई। इसके साथ ही 100 मीटर , 200 मीटर, 400 मीटर, रस्सी कूद दौड़ का आयोजन किया गया। 400 मीटर रिले रेस में गंगा सदन ने बाजी मारी, रावी तथा झेलम सदन क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रूप में सिद्धार्थ एन चंद्रा तथा अदिति व्यास को चुना गया।

सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी शानदार प्रदर्शन कर रावी सदन ने जीती, जबकि गंगा सदन उपविजेता रहा। विजेता छात्रों को प्रशस्ति-पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया गया।